# अर्धवार्षिक परीक्षा 2015–16

## कक्षा – सातवीं

## विषय – हिन्दी

समय : 3 घण्टा | पूर्णांक : 100

**प्र.1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

1. सावित्री को खान से हींग क्यों लेनी पड़ी?
2. अब्दुल कलाम का पूरा नाम क्या है?
3. गोपी प्रातः कहाँ गई थी?
4. कृष्ण माँ यशोदा से किसकी शिकायत कर रहे है?
5. नाक को किस बात का प्रतीक माना जाता है?

**प्र.2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए।**

1. असली हींग और देशी घी की पहचान में नाक का क्या उपयोग है?
2. ''वीखा कलंकित न हो, सुशोभित हो'' इसके लिए कौन–कौन से कार्य करना चाहिए?
3. सुभाषचन्द्र बोस ने माझले जेल को तीर्थ स्थल क्यों कहा है?
4. राष्ट्रीय उद्यान किसे कहते है, इन्हें बनाने के प्रमुख उद्‌देश्य कौन–कौन से है?
5. गौरैया को हरियाली की रानी क्यों कहा गया है?

**प्र.3 खाली स्थान भरिए–**

1. हिंसक जानवरों के क्षेत्र मैं........................ नहीं घूमना चाहिए।
2. पक्षीयों के घोसलों और ......................को नहीं छूना चाहिए।
3. छेड़ने पर शांत प्रकृति के शाकाहारी जानवर भी ................और ................ हो जाते हैं।
4. केन नदी में मगर और ..........................पाए जाते है।
5. प्रदेश का अन्तर्राष्ट्रीय टाइगर रिजर्व उद्यान बाद्य आरक्षित ......................है।

**प्र.4 निम्नलिखित पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए।**

1. मेरे मटमैले आँगने में

   फुदक रही गौरैया।

2. कच्ची मिट्टी की दीवारे

घास–पात का छाजन।

अथवा

1. मैया, मोहि दाऊ बहुत खिझायो।

मेसों कहत मोल को लीन्हो तोहि जसुमति कब जाओ।।

**प्र.5 निम्नांकित कथनों का आशय स्पष्ट कीजिए।**

1. हमस ब मिलकर या तो स्वराज्य प्राप्त करके रहेंगे या स्वराज्य की नींव का पत्थर बनेंगे।

2. सूर्य का तेज अनन्त सूर्य में विलीन हो गया।

**प्र.6 वाक्य प्रयोग कीजिए।**

नींद खुलना, नाक कटना, आँख का तारा, नौ दो ग्यारह होना, श्री गणेश करना।

**प्र.7 दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

1. 'गुरू–शिष्य' में समास है।

अव्ययीभाव, बहुब्रीहि, द्वन्द्व

2. 'समाज' में 'इक' प्रत्यय लगने पर शब्द बनता है।

स्माजिक, सामाजिक, समाजइक

3. 'परिधान' शब्द का पयार्यवाची है।

प, पर, परि

4. 'नदी' शब्द का पर्यायवाची है।

सरिता, गंगा, आकाश

5. 'आग' का तत्सम शब्द है।

अगनी, अग्नि, अगन

**प्र.8 निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए।**

परयटक, वेभ, संस्कृति, प्रतिविम्ब, प्रान

**प्र.9 निम्नलिखित शब्दों के समास विग्रह करते हुए समास के नाम लिखिए।**

देशभक्त, रणभूमि, पेड़–पौधे, फूल–पत्ती, शुभ–अशुभ

**प्र.10 निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।**

अमृत, आँख, घोड़ा, इन्द्र, पानी।

**प्र.11 निम्नलिखित में से किसी एक कहानी का सारांश अपने शब्द में लिखिए।**

1. हींग वाला 2. दादी की घड़ी

**प्र.12 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

पौराणिक ग्रंथों में नर्मदा परिक्रमा की बड़ी महिमा गाई है। भक्तजन प्रतिवर्ष भड़ौच में मेरे मुहाने से मेरे तट के एक ओर किनारे–किनारे चलते–चलते मेरे मूल स्त्रोत अमरकंटक तक जाते है। वहां पूजा करके दूसरे तट के साथ–साथ चलते हुए वापस मेरे मुहाने तक भड़ौच वापस आते है। मैं बड़ी भाग्यवान हूँ कि मेरे तट तक अनेक ऋषि–मुनियों ने तप किया और अनेक आश्रम तथा मंदिर बनवाए। महेश्वर तीर्थ को अहिल्याबाई होल्कर ने राजधानी बनाकर मेरा महत्व बढ़ाया है।

1. उक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।
2. पौराणिक ग्रंथों में किसकी बड़ी महिमा है?
3. महेश्वर तीर्थ का महत्व किसने बढ़ाया है?

**प्र.13 स्थानांतरण प्रमाण–पत्र हेतु आवेदन–पत्र।**

अथवा

निमंत्रण–पत्र (प्रीति भोज हेतू)

**प्र.14 किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।**

1. प्रदूषण
2. कम्प्यूटर
3. मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय उद्यान